**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4152**

**(दिनांक 18.03.2026 को उत्तर देने के लिए)**

**पीबी-शब्द समाचार साझाकरण सेवा**

**4152. श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः**

**श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावतः**

**श्री योगेन्द्र चांदोलियाः**

**श्री विनोद लखमशी चावड़ाः**

**श्री अनूप संजय धोत्रेः**

**कैप्टन बृजेश चौटाः**

**श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः**

**श्री चिन्तामणि महाराजः**

**सुश्री कंगना रनौतः**

**श्री प्रदीप कुमार सिंहः**

**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**

**श्री बंटी विवेक साहूः**

**श्री प्रवीण पटेलः**

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः**

**श्री राजकुमार चाहरः**

**डॉ. संजय जायसवालः**

**क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म शुरू किया है और यदि हां, तो इसे शुरू किए जाने के मुख्य उद्देश्य और मार्च 2026 तक मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले सहित पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की लक्षित संख्या कितनी है;

(ख) क्या प्रसार भारती-प्रसारण और प्रसार के लिए प्रसार भारती साझा ऑडियो-विजुअल (पीबी शब्द) समाचार साझाकरण सेवा पूरे देश में विभिन्न भारतीय भाषाओं में समाचारों के प्रसार को सुगम बनाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रसार भारती की पुरालेख सामग्री नए शुरू किए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से दर्शकों को उपलब्ध कराई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) पीबी-शब्द सेवा के उपयोगकर्ताओं के लिए प्रारंभिक 'निःशुल्क' अवधि के पूरा होने की समय-सीमा क्या है; और

(ङ) क्या उपर्युक्त सेवाओं (वेव्स ओटीटी और पीबी-शब्द) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सरगुजा क्षेत्र के लिए कोई विशेष प्रसारण, स्थानीय समाचार या क्षेत्रीय भाषाओं/बोलियों में सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री**

**(डॉ. एल. मुरूगन)**

(क) से (ङ): प्रसार-भारती द्वारा नवंबर, 2024 में रेडियो और टीवी चैनलों, टीवी शो, वेब सीरीज, फिल्मों, लाइव इवेंट, रेडियो सेवाओं, सांस्कृतिक सामग्री, शैक्षिक कार्यक्रमों और प्रसार भारती की अभिलेखीय सामग्री सहित विविध सामग्री के प्रसार के लिए एक डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया गया है। इस प्लेटफॉर्म के 84 लाख से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जिनमें मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के उपयोगकर्ता भी शामिल हैं।

प्रसार भारती - प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो-विजुअल (पीबी-शब्द) मार्च 2024 में लॉन्च किया गया था। यह देश भर में 15 भारतीय भाषाओं अर्थात असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, डोगरी और उर्दू में समाचारों के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है। प्रारंभ में इसे यूजर्स के लिए एक वर्ष के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया था, जिसे मार्च 2027 तक बढ़ा दिया गया है।

टेलीविजन शो, वृत्तचित्र फिल्मों और अन्य कार्यक्रमों सहित प्रसार भारती से अभिलेखीय सामग्री का एक बड़ा भंडार वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है। खोज क्षमता बढ़ाने और दर्शकों की भागीदारी को सुदृढ़ करने के लिए अभिलेखीय कार्यक्रमों का प्रकाशन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

वेव्स ओटीटी और पीबी-शब्द प्लेटफॉर्म प्रसार भारती की विविध सामग्री तक पहुंच प्रदान करते हैं, जिसमें हिंदी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम और समाचार शामिल हैं, जो छत्तीसगढ़ के सरगुजा क्षेत्र सहित देश भर में उपलब्ध हैं।

*****